# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

तृतीय तल,छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर, (दक्षिण पूर्व कॉर्नर)
सेक्टर–27, अटल नगर, पिन–492015 (छत्तीसगढ)
दूरभाष–0771–2511280, फैक्स–0771–2511285, ई–मेलः office.mdnrhm@gmail.com


**क्रमांक / NHM / HR / 2022 /** NS-29/1782 **नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक** 29/07/22

## / / दावा–आपत्ति हेतु सूचना / /

कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक / NHM / HR / 2022 / NS-544 / 1313 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 04.07.2022 के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ अंतर्गत प्रदेश के चिन्हांकित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (संविदा) पद के कुल 800 पदों पर पदस्थापना के लिये छः माह के ब्रिज कोर्स, सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ फॉर नर्सेस पाठ्यक्रम जुलाई, 2022 बैच में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन दिनांक 05.07.2022 से 21.07.2022 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किया गया है।

**01 / उक्त पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण** के लिये प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों की पात्र / अपात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में दावा–आपत्ति हेतु अपलोड की जा रही है। अतः अभ्यर्थी **दिनांक 29.07.2022 से 03.08.2022 सायं–05:00 बजे तक ई–मेल आई.डी. davaapttihwc@gmail.com** में अपना दावा–आपत्ति ***संलग्न निर्धारित प्रारूप*** में प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा–आपत्ति हेतु ई–मेल प्रेषित करते समय **विषय में अभ्यर्थी का नाम एवं ऑनलाईन आवेदन का पंजीयन क्रमांक उल्लेखित करना** तथा दावा–आपत्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना अनिवार्य होगा।

**02 / दावा–आपत्ति हेतु प्रस्तुत** आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप में नहीं होने, ई–मेल में अभ्यर्थी का नाम नहीं होने, ऑनलाईन आवेदन का पंजीयन क्रमांक उल्लेखित नहीं होने या निर्धारित समय के पश्चात् दावा–आपत्ति प्राप्त होने तथा अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित करने पर दावा–आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। **दावा–आपत्ति हेतु अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजों का केवल 01 PDF File बनाकर प्रेषित करेंगे।**

**03 / जिन आवेदकों के आवेदन** में ऑनलाईन आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क कार्यालय के बैंक खाते में प्राप्त नहीं हुये हैं, उनको आवेदन शुल्क अप्राप्त होने के कारण अपात्र किया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी कृपया ऑनलाईन शुल्क भुगतान की रसीद (SBI Collect Receipt) अथवा मोबाईल में भुगतान संबंधी मैसेज की स्क्रीन शॉट ई–मेल आई.डी. **davaapttihwc@gmail.com** में निर्धारित प्रारूप के साथ प्रेषित कर सकते हैं, नियमानुसार सही पाये जाने की दशा में उन्हें पात्र किया जायेगा।

**04/ऐसे अभ्यर्थी जो ऑनलाईन** आवेदन पत्र भरते समय अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के पूर्णांक/प्राप्तांक नहीं भरे हैं/त्रुटि पूर्ण भरा गया है/एग्रीगेट अंक नहीं भरा गया हैं, उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना पूर्णांक/प्राप्तांक/प्रतिशत को अनिवार्यतः स्पष्ट करें व अंतिम वर्ष की अंकसूची संलग्न करें अन्यथा अपात्र होने की स्थिति में अभ्यर्थी के स्वयं की जवाबदारी होगी।

**05/अभ्यर्थी के द्वारा ऑनलाईन** के माध्यम से आवेदन में प्रविष्टि की गयी जानकारी में मात्रात्मक (स्पेलिंग, अंक आदि) त्रुटि होने पर सुधार हेतु नियमानुसार अभ्यर्थी के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में दावा–आपत्ति किये जाने की स्थिति में सुधार किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार विज्ञापन तिथि के उपरांत का नवीन दस्तावेज मान्य नहीं किया जायेगा। इसका विशेष ध्यान रखा जावे।

**06/अभ्यर्थी दावा–आपत्ति सूची** में अपने प्रविष्टि विवरण को सूक्ष्मता से जाँच कर लेवें। दावा–आपत्ति के उपरांत तैयार की गयी सूची में किसी भी प्रकार का संशोधन/अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा। यदि अभ्यर्थी के द्वारा उपलब्ध करायी गयी कोई भी जानकारी दस्तावेज परीक्षण में त्रुटि अथवा असत्य पायी जाती है तो संबंधित की उम्मीदवारी निरस्त की जायेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

अद्यतन जानकारी हेतु अभ्यर्थी निरंतर विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in का अवलोकन करें।

**(मिशन संचालक द्वारा अनुमोदित)**

29/07/2022

**संयुक्त संचालक**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**छत्तीसगढ**